बी.आर.एस.एम. कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र
इं.गाँ.कृ.वि., पण्डरिया रोड, मुंगेली–495334 (छ.ग.)
BRSM College of Agricultural Engineering and Technology & Research Station
IGKV, Pandariya Road, Mungeli - 495334 (C.G.)
Phone : 07755-205482, Email : vkp12@yahoo.co.in

क्रमांक / सीएइटी / 2015 /   मुंगेली, दिनांक ....

अभियंता दिवस दिनांक 15.09.2015

ब्रिटिश शासनकालीन भारतीय अभियंता और भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया के जन्मदिवस 15 सितम्बर 2015 को सम्पूर्ण भारत में अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है । इसी तारतम्य में 15 / 09 / 2015 को इस महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय के अधिकारियों / कर्मचारियों व छात्र–छात्राओं ने अभियंता दिवस मनाया ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती का चरण वंदन कर व विश्वैश्वरैया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. व्ही. के. पाण्डेय ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की । उन्होंने अपने संबोधन में भारत के महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया को याद करते हुए उनके कठिन समय मे जो कठिन परिश्रम किस प्रकार सामान्य व्यक्ति से एक भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति बनने तक उनके किये गये निर्बाद्ध कार्य को बताये।

महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री दीपक महापात्र ने भी डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया के कार्यों का वर्णन किया व उनके जीवन से सीख लेने की छात्र–छात्राओं से आग्रह किया ।

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भारत रत्न डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वैश्वरैया के सम्पूर्ण जीवन को चलचित्र (Documentry) के रूप में सजाकर सभी अधिकारियों / कर्मचारियों व छात्र–छात्राओं के बीच प्रदर्शित किया तथा उनके जीवन पर आधारित व कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन अंतिम वर्ष की छात्रा रश्मि यादव व छात्र अक्षय कुमार ने किया ।

अधिष्ठाता

अभियंता दिवस दिनांक 15.09.2015

Celebrating